तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

12 नर्रा खरीदी केंद्र में बारदानों की कमी के ...


12 विधायक ने किया महिला हितग्राहियों का सम्मान


[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

## खबर संक्षेप

### महासमुंद विस के सांसद प्रतिनिधि बने नारेंद्र गिरी



**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमार चौधरी ने महासमुंद जिले में सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए वार्ड नं. 29 बीटीआई रोड महासमुंद निवासी नारेंद्र प्रकाश गिरी पिता स्व महेंद्र प्रकाश गिरी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**महासमुंद।** गुडरूपारा में रहने वाले अपने दोस्त से मिलने गए युवक के साथ कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। पुलिस को पुराना सरकारी अस्पताल के पीछे रहने वाले ओम साहू ने बताया कि 22 दिसंबर को अपने दोस्त से मिलने उसके घर गुडरूपारा गया था। वापस लौटने के दौरान आम गली में आरोपी भोंदू उर्फ मनोज यादव, सोमू साहू, पुलश्य यादव व राहुल यादव ने एक राय होकर पुरानी रंजिशवश गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। बीच बचाव करने आए मेरे दोस्त रिंकू साहू के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### महासमुंद बना टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का अग्रणी जिला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले की 292 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस अद्वितीय उपलब्धि के साथ महासमुंद जिले ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रतीक है। मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महासमुंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीएमएचओ डॉ. कुदेशिया ने इस उपलब्धि के लिए जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों और अन्य सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी की प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने बताया कि नियमित जांच, समर्पित इलाज और जन जागरुकता अभियान के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

## कर वसूली

**नगर में इस वर्ष 50 फीसदी भी टैक्स वसूली नहीं हुई**




**नोटिस की तैयारी**

राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि घर-घर जाकर वार्डवासियों को बिल थमाया जा रहा है। बड़े बकायेदारों को नोटिस भी देने की तैयारी है। लोगों को टैक्स भुगतान करने के लिए अपील भी कर रहे हैं।

# बकायादारों को नोटिस देने की तैयारी में नगर पालिका, 50 फीसदी भी नहीं हुआ कर संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अब बकायदारों से टैक्स वसूलने के लिए एक बार फिर मुहिम शुरू कर दी है। नगर पालिका एक बार फिर से टैक्स वसूली में पिछड़ गई है। नगर में 50 फीसदी भी टैक्स वसूली नहीं हो पाई है। बकायेदारों को टैक्स भुगतान करने के लिए घर-घर जाकर बिल थमाया जा रहा है। वहीं बड़े बकायदारों को नोटिस देने की भी तैयारी है। नगर पालिका द्वारा विभिन्न सेवाओं के एवज में संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकानों का किराया, निर्यात कर, यूजर चार्ज आदि वार्डवासियों से वसूल करती है। चालू वर्ष में कुल 317.87 लाख रुपए मांग है और 50 फीसदी भी वसूली नहीं हो पाई है।

पिछले दिनों नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल के कारण भी टैक्स वसूली का कार्य प्रभावित हुआ। प्रतिवर्ष दिसंबर माह से ही टैक्स वसूली में तेजी आती है। सबसे ज्यादा बकाया जलकर का है। 132.55 लाख मांग है और वसूली 20 प्रतिशत ही हुई है। वहीं संपत्तिकर बकाया 80.79 लाख है। वसूली 15 प्रतिशत ही हुआ है। नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी विभिन्न कार्यों में लगने के कारण भी। टैक्स वसूली का कार्य प्रभावित होता है। चालू वर्ष के बकाया के साथ ही पिछले वर्षों का भी बकाया बढ़ता जा रहा है। बकाया टैक्स वसूलने में भी नगर पालिका के पसीने छूट रहे हैं। पिछले वर्षों का बकाया भी लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नगर पालिका पिछले दो तीन वर्षा से 60- 65 प्रतिशत से ज्यादा टैक्स वसूली नहीं कर पा रही है।

### टैक्स भुगतान की अपील

चालू और पिछले वर्षों का बकाया टैक्स बढ़ता ही जा रहा है। चालू और पिछले वर्षों का कुल बकाया 751.60 है। जिसकी वसूली 20 प्रतिशत भी नहीं हुई है। नगर पालिका के द्वारा लोगों से टैक्स भुगतान करने की अपील की जा रही है। समय पर टैक्स भुगतान नहीं करने पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

### शहर के विकास पर पड़ता है असर

समय पर टैक्स भुगतान नहीं करने पर शहर के विकास कार्यों पर असर पड़ता है। शहर के कई प्रोजेक्ट फंड की कमी से अटके हुए हैं। फंड नहीं होने से नए विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा स्वच्छता कर्मियों व अन्य कर्मियों को मानदेय भुगतान आदि का कार्य भी प्रभावित होता है।

### यूजर चार्ज का भुगतान नहीं

शहर की सफाई के एवज में नगर पालिका यूजर चार्ज वसूल करती है। प्रतिमाह कुल बकाया का आधा ही वसूल हो पाता है। ज्यादातर लोग नियमित रूप से यूजर चार्ज जमा नहीं करते हैं, जिससे नगर पालिका का बकाया बढ़ता चला जाता है। बड़े होटल, रेस्टोरेंट, दुकानों और घरों का यूजर चार्ज अलग-अलग निर्धारित किया गया है।

**विरोध :** रात में मशीनों के माध्यम से खनन की शिकायत, ग्रामीणों में आक्रोश

# अवैध खनन से त्रस्त ग्रामीणों ने रोका रेत घाट का रास्ता, जाली रसीद भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के मुड़ियाहीह ग्राम के पंचायत

■ मुड़ियाडीह पंचायत का मामला

क्षेत्र में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर मुड़ियाडीह के ग्रामीणों ने हल्ला बोल दिया। सोमवार को ग्रामीण रेत घाट का रास्ता रोककर बैठ गए। ग्रामीणों की मानें तो रेत घाट का ठेका किसी और को मिला है लेकिन कोई अन्य ठेकेदार बीते 10-12 दिनों से अवैध रुप रेत निकाल रहा है। रात में भी रेत का अवैध परिवहन हो रहा है जिसकी जानकारी तक पंच-सरपंच को नहीं दी गई है। और न ही इसकी रायल्टी पंचायत को मिल रही है। इसलिए एकराय होकर गांव वालों ने रेत ले जा रहे हाइवा वाहनों को गांव में तथा खाली हाइवा वाहनों को नदी के रास्ते में रोक दिया और मशीन भी नदी के भीतर से निकालकर बाहर निकाल लाया गया।

ग्रामीणों की शिकायत है कि सिरपुर पुलिस को इसकी सूचना तत्काल दी गई। लेकिन, वे भी देर से पहुंचे और वाहनों को थाने ले जाने की बात कही। गांव वालों की मांग थी कि खनिज विभाग के अफसरों के पहुंचे बगैर कोई भी वाहन कहीं नहीं ले जाने दिया जाएगा। पासिद-मुडियाडीह के पंच तथा ग्राम प्रमुख महेश साहू ने बताया कि मुडियाडीह पासिद गांव मिलाकर एक पंचायत है। पंचायत क्षेत्र के महानदी घाट से रेत का अवैध खनन और परिवहन हर साल होता है। इस साल भी बीते दस-बारह दिनों से एक ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन लगाकर रातों रात नदी से रेत निकलवा रहा है। रेत निकालने तथा परिवहन का काम दिन में पूरी तरह बंद होता है। रात में परिवहन के वक्त बाकायदा जाली रॉयल्टी रसीद भी काटी जाती है लेकिन, इसकी जानकारी पंचायत तक को नही है। ग्रामीणों ने सुबह से ही इस रास्ते को ब्लॉक करने का निर्णय लिया और निर्धारित समय पर घाट पहुंच गए। इस समय नदी में दर्जनों वाहनों में चैन माउंटेन मशीन से रेत भरा जा रहा था। गांव वालों ने एकजुट होकर रेत भरे हाइवा और खाली हाइवा को गांव के बाहर व नदी में रोका। चेन माउंटेन को भी नदी से बाहर निकाला और रास्ता रोक दिया। साथ ही जाली रॉयल्टी रसीद को भी अपने कब्जे में ले लिया।







### अवैध रेत घाट पर मारपीट, ग्रामीण हुए लामबंद

मिली जानकारी के अनुसार मुडियाडीह रेत घाट सौरभ चंद्राकर के नाम से अनुबंधित हैं लेकिन इस रेट घाट में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से चेन माउंटेन और हाइवा ट्रक से बिना किसी सरकारी अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। मामले की शिकायत खनिज विभाग को की गई लेकिन खनिज विभाग ने अधिकृत घाट संचालक की कोई मदद नहीं की। बता दें कि अवैध रेत घाट पर रोक लगाने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने जिले के अधिकारियों को हिदायत दी थी, बावजूद इसके अवैध रेत घाट का परिवहन बदस्तूर जारी है।

# गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की बलौदा पुलिस ने बाइक से गांजा ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 किलो गांजा (कीमत 80 हजार रुपए) बरामद किया गया है। मामले में पकड़े गए युवकों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक काले रंग की बिना नंबर मोटरसायकल होंडा एसपी-125 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद फारेस्ट नाका सिरपुर जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिया के मोटरसायकल में 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें रोका गया। दोनों बीच में सीट के उपर एक काला कलर का पिट्ठू बैग रखे थे, बैग के सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गोल-मोल जबाब देने लगे। उक्त दोनों व्यक्ति को नाम पता पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम नीलेश साव पिता अश्वनी साव (22 वर्ष) वार्ड नं. 13 मरार गली तालापारा, बिलासपुर (छग) तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार बारीक पिता राजेंद्र बारीक (22 वर्ष) वार्ड नं. 15 महलपारा, सरायपाली जिला महासमुंद (छग) का होना बताया।

इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के बैग की तलाशी ली जिसमें 4 पैकेट मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा (कीमत 80,000 रुपए ) मिला। उक्त गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर घंटापाड़ा (ओडिशा) से बिलासपुर (छत्तीसगढ़) अपने स्वयं के उपयोग के लिए ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा मोटरसायकल कीमत 60,000 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की गई।

# पंचायत चुनाव आरक्षण के लिए नए कार्यक्रम की अधिसूचना जारी, 30 तक पूरा करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंचायत चुनाव के लिए वार्डों के आरक्षण का नया कार्यक्रम जारी हो गया है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिया है। इसमें वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया आज से शुरू करने के लिए कहा गया है। सभी जिलों में आज सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। 30 दिसंबर तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए राज्य सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने तिथियां जारी कर दी है।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024–25 के आरक्षण हेतु समय सारिणी जारी की गई है। संशोधित समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारिणी के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 23 दिसंबर 2024 सोमवार को होगा, जो कलेक्टर द्वारा किया जाना है। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई एवं अधिसूचना का प्रकाशन 28 दिसंबर शनिवार से 29 दिसंबर 2024 रविवार तक कलेक्टर के द्वारा किया जाना है। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी प्रेषित 29 दिसंबर रविवार को कलेक्टर द्वारा किया जाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 23 दिसंबर सोमवार को संचालक पंचायत द्वारा किया जाना है। आरक्षण की कार्रवाई एवं जानकारी प्रेषित करना 30 दिसंबर सोमवार को संचालक पंचायत द्वारा किया जाना है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**बलौदाबाजार में आगजनी कांड मामला, जिले से भी छः लोगों की भी हुई है गिरफ्तारी**

# आगजनी कांड में बंद निर्दोष लोगों की रिहाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बलौदा बाजार कलेक्टर कार्यालय परिसर में हुई आगजनी एवं तोड़-फोड़ मामले में बंद सतनामी समाज के 186 लोगों की रिहाई के लिए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ व सतनामी अधिवक्ता संघ द्वारा राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रिहाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि 10 जून को बलौदा बाजार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित घरना-प्रदर्शन के दौरान घटित आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना में सतनामी समाज के समाज प्रमुखों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को इसलिए गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है कि वे धरना-प्रदर्शन में शामिल थे या मंच पर संवैधानिक रूप से समाज के समर्थन में उपस्थित रहे। जिसका आगजनी व तोड़-फोड़ में कोई संलिप्तता नहीं है। वे तो सतनामी समाज द्वारा गिरौदपुरी धाम के पास महाकोनी अमरगुफा में स्थित जैत खाम को काटे जाने की घटना की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था,जिसमें समाज के धर्मगुरु व समाज प्रमुखों सहित सभी राजनैतिक दल विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी युवा महिला सहित सामाजिक कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल थे। जहां समाज के सभा के पश्चात रैली के दौरान कुछ असामाजिक लोग शामिल होकर घटना को अंजाम दिया और सतनामी समाज के साथ शासन प्रशासन को बदनाम किया। धरना-प्रदर्शन में बीस से तीस हजार की संख्या में शामिल लोगों में से समाज के केवल 186 लोगों को गिरफ्तार कर प्रदेश के विभिन्न जेलों में छः माह से रखा गया है।



प्रकरण के चालान प्रस्तुत होने व 6 माह बीत जाने के बाद भी जमानत नहीं दिया जा रहा है। जबकि, गिरफ्तार लोगों में कुछ उम्रदराज व गंभीर बीमारी से ग्रसित लोग हैं, जिनकी जमानत या रिहाई नहीं होने से मानसिक और शारीरिक स्थिति और बिगड़ रही है। वहीं बहुत से लोगों के परिवार को आर्थिक पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि वे एक मात्र कमाऊ सदस्य हैं। महासमुंद जिला से ही 6 लोग जिसमें नेतराम जांगड़े ग्राम तरेकेल, दिनेश बंजारे यूथ प्रदेशाध्यक्ष और विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, हीरा जोगी प्रदेश उपाध्यक्ष, सोमनाथ टोंडेकर को केवल शामिल होने के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। सतनामी समाज ने समाज के गिरफ्तार सभी निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई कर करने की मांग करते हुए कहा है कि समाज की मांग को नजरंदाज किया जाता है तो समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

### यह रहे ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के दीनानाथ रात्रे, नंदकुमार जोगी, परेश्वर बघेल, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश रात्रे, डॉ विजय चतुर्वेदी, रामकुमार गायकवाड़ व बागबाहरा ब्लॉक उपाध्यक्ष हरक मन्नाडे, खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देवकुमार जोशी, चोलेश्वर मार्कंडेय, युवा प्रकोष्ठ के जिला सचिव तेजराम चौलिक, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, कोमाखान परिक्षेत्र के युवा अध्यक्ष सोनू टंडन, सुकालू राम बंजारे, संतराम भारती, कन्हैया टोंडेकर, देवेंद्र बघेल व समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

## आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### 13 को छेरछेरा 14 को संक्रांति


**महासमुंद।** इस साल छेरछेरा (पौष स्नानदान/ पूर्णिमा) का पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा।

### 24 तक अंडर 14 क्रिकेट के लिए पंजीयन

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर 14 इंटर स्कूल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीयन 24 दिसंबर तक किया जा सकेगा। यह आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में ड्यूज बॉल गेंद से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा केवल महासमुंद एवं गरियाबंद जिले के स्कूल की टीमें ही ले सकती है।

### नयापारा में शिव महापुराण कथा आज से

**महासमुंद।** नगर के नयापारा स्थित



संतोषी मंदिर के पास 24 दिसंबर से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रवचनकर्ता पं. सुनील प्रसाद पांडेय मंदिर हसौद वाले होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महापुराण महात्म्य, 25 दिसंबर को ब्रम्हा-विष्णु युद्ध, पार्थिव शिव लिंग, पूजा महिमा, बेलपत्र महिमा, 26 दिसंबर को नारद विश्वमोहिनी प्रसंग, शिव कुबेर, संध्या प्रसंग, 27 को शिव-सती विवाह, शिव दक्ष मनोमालिय, पार्वती जन्म, 28 को पार्वती तपस्या, कामदेव प्रसंग, पार्वती विवाह, 29 को कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध, गणेश जन्म, 30 को तुलसी विवाह, जलंधर प्रसंग, उषा चरित्र, 31 को 12 ज्योतिर्लिंग कथा, शिवरात्रि महिमा, पंचाक्षर मंत्र महिमा, चढ़ौत्री, 1 जनवरी 2025 को रूद्राभिषेक, हवन, प्रसाद वितरण, भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यक्रम : सुशासन सप्ताह पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

# योजनाओं की पहुंच आम जनता तक आसानी से हो, मिले लाभः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रशासन गांव की ओर थीम के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें जन चौपाल, जन समस्या निवारण शिविर, किसान एवं महिला सम्मेलन शामिल है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सुशासन सप्ताह अंतर्गत किए गए कार्यां की समीक्षा के साथ विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

सुशासन सप्ताह कार्यशाला में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत योजनाओं की पहुंच आम जनता तक आसानी से हो और जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का योजनाओं का लाभ समय सीमा के भीतर मिले यही सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है। किसी हितग्राहियों को बेवजह भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि सप्ताह अंतर्गत गांवों में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने जिला में किए जा रहे विभिन्न कार्यां की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई गवर्नेंस के तहत समय सीमा की बैठक को डिजिटलाइज किया गया है। इसके साथ ही स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र मिशन मोड में बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 70 हजार आवास बनाए गए हैं। इसी तरह अन्य विकास कार्यों को भी रेखांकित किया गया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन, जन समस्या निवारण शिविर और साथ ही अन्य योजनाओं के माध्यम से भी लाभान्वित किया जा रहा है।

कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने कहा कि वास्तव में सुशासन लोकतंत्र का हिस्सा है। जिसमें लोगों तक योजनाओं की पहुंच को सुलभ बनाता है। उन्होंने कहा कि सुशासन के माध्यम से विकसित राज्य की संकल्पना को पूरा किया जा सकता है। योजनाओं की क्रियान्वयन के माध्यम से सुशासन की अवधारणा को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉक्यूमेंट हमेशा परिणाम और परिमाण मूलक हो। आने वाले वर्षों तक जिले की विकास कार्यां को लेकर यह डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा।

# प्रगतिशील किसानों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर कृषि विभाग द्वारा बागबाहरा में आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा एवं अलका चंद्राकर शामिल होकर साय सरकार द्वारा एक वर्ष में किसानों के हित में किए गए कार्यो एवं डबल इंजन सरकार की जानकारी साझा किए। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों एवं फसल चक्र परिवर्तन करने वाले ग्रामों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, डिंपल ध्रुव शहर मंडल अध्यक्ष, रुपेश साहू बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, पीलेश्वर पटेल, बाला चंद्राकर, जिलाअध्यक्ष युवा मोर्चा, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी, चिंता साहू, विनोद दीवान, हुमन सेन, दिलीप देवांगन, मुन्ना भारतीय सहित कृषि विभाग से शरणागत प्रभारी कृषि विभाग सीईओ संजय गुप्ता, बैंक मैनेजर प्रेमलाल सिंह, श्रवण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अंतर्गत फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल में कई कार्यक्रम

**बागबाहरा।** सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अंतर्गत बागबाहरा विकासखंड के करमापटपर स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभावान दिव्यांग कलाकार, खिलाड़ी एवम शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्टता के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू के मुख्य आतिथ्य एवं रश्मि साहू प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकार के लिए पंच राम नेताम, महारथी राणा, आरती ध्रुव, जागृति दीवान, कुसुम प्रधान, योग प्रदर्शन के लिए याखिल दीवान, कुसुम प्रधान, उत्कृष्ठ खिलाड़ी के लिए लकी यादव, नोशन पटेल, सुखदेव तथा उत्कृष्ट ब्रेल पठन लेखन के लिए गरिमा ठाकुर को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निरंजन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक साल पूर्ण होने उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के दिशा निर्देश में जिला समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिला, परित्यक्ता, समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। मैदानी स्तर पर इन कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए फर्च्यून फाउंडेशन संस्था निरंतर कार्यरत है। छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, सहायक उपकरण, सफेद छड़ी, डीजी प्लेयर आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिका पुष्पलता पटेल, लक्ष्मीप्रिया साहू, वर्षा चक्रधारी, भूमिका यादव, प्रीति यादव, ललिता साहू, पार्वती ठाकुर, लोकनाथ धृतलहरे, पंचराम नेताम, जगेंद्र तांडी तथा कर्मचारी स्टाफ टेकलाल सिदार, धनेश्वरी नागेश, ललिता नागेश, देवकी यादव अत्यंत ही उत्साह के साथ भाग लिए।

### सिरपुर में युवा उत्सव का आयोजन आज

**महासमुंद।** सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के तहत जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे सिरपुर में किया जाएगा। इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सामूहिक एवं व्यक्तिगत लोक नृत्य और लोक गीत प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा, लाइफ स्किल श्रेणी में कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण और कविता प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। युवा कृति श्रेणी के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही रॉक बैंड की शानदार प्रस्तुति भी उत्सव का मुख्य आकर्षण होगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइफ स्किल, युवा कृति में विकासखंड के विजेता प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा रॉक बैंड एवं फोटोग्राफी विधा में प्रतिभागी जिला स्तर पर शामिल हो सकते हैं।

# वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा रिबन काट कर व पितुल गेंद खेलकर प्रतियोगिता प्रारंभ करने के लिए हरी झंडी दिखाया गया।





वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के साथ उनका आत्मबल व धैर्यता के गुण को बढ़ाना है। तत्पश्चात रेड, ब्लू, ग्रीन व यलो हाउस के मध्य व कक्षा के अनुसार नर्सरी से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिता कबड्डी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, सुई धागा दौड़, रस्सी कशी, जलेबी दौड़, खो-खो इत्यादि खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत हासिल किया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा विद्यालय के शिक्षकों की बच्चों के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा बच्चों को क्रीड़ा में हार से न घबराने व पुनः प्रयत्न कर जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उप प्राचार्या इंदू मिश्रा द्वारा सिक्के के दो पहलू की तरह जीवन के दो पहलु हार व जीत पर बच्चों को विविध ज्ञान प्रदान किया गया तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं में आशा ज्योति डोरा, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, मोनिशा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

# निर्माणाधीन नवीन कॉलेज भवन का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निर्देशानुसार जनभागीदारी समिति द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया एवं निर्माण के संबंध में आवश्यक जानकारी विधायक को दी गई। विधायक द्वारा हरसंभव जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सदस्य गण सुनील पटेल, हरीराम पटेल, नरेंद्र साहू, जया आवड़े, यमुना ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरायपाली के सांस्कृतिक भवन में एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा महतारी वंदन योजना का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कोसरिया ने महतारी वंदन योजना के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक माह हितग्राहियों के खाते में 1000 रुपए ट्रांसफर किए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। महिलाएं इस राशि का उपयोग बच्चों की शिक्षा, रोजगार वृद्धि, और आर्थिक गतिविधियों में कर रही हैं। शासन ने महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत 25,000 रुपए तक का ऋण स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने हितग्राहियों की खुशी पर उत्साह व्यक्त किया। समारोह में 10 महिलाओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार भी हुए। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ और रस्सी खींचने जैसे खेलों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें कविता यादव प्रथम और देवकी प्रधान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर 4 महिलाओं ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाए, 10 बच्चों का आधार पंजीयन, और दो हितग्राहियों के मोबाइल अपडेट किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विष्णु की पाती का वाचन



वाचन किया गया। महिलाओं ने पाती में दिए गए संदेशों पर चर्चा की और बताया कि इससे उन्हें महतारी वंदन योजना की राशि का सही उपयोग करने की प्रेरणा मिली। कई महिलाओं ने इस राशि का उपयोग छोटे व्यवसाय शुरू करने में किया है। समारोह ने कुपोषण के समाधान, पोषण, और स्वास्थ्य प्रबंधन पर चर्चा के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सामुदायिक विकास की दिशा में प्रेरित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का योगदान इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय रहा।

**पीआईसी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, नपाध्यक्ष राशि महिलांग की अध्यक्षता में हुई बैठक**

# नगर प्रवेश द्वारों का होगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में सोमवार को पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) की बैठक हुई। बैठक में शहर विकास को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीर सागर नायक, सभापति पवन पटेल, बबलू हरपाल, निखिलकांत साहू, सरला गोलू मदनकार, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, उपअभियंता दिलीप कश्यप, अमन चंद्राकर, स्थापना प्रभारी करण कुमार, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, दुर्गेश कुंजेकार, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श उपस्थित रहे।





शहर में रायपुर रोड, बागबाहरा रोड एवं तुमगांव रोड में नगर प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण द्वारा निर्मित तुमगांव ओवरब्रिज से नगर सीमा प्रवेश द्वार तक स्ट्रीट लाईट इलेक्ट्रिकल पोल लगाया जाएगा। पालिका में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को वैवाहिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन/टाउनहाल निःशुल्क में दिया जाएगा। प्रतिवर्ष के लिए किराया भंडार से पंडाल कुर्सी एवं अन्य सामग्री के लिए किराया निविदा दर स्वीकृति किया गया। विधायक निधि से वार्ड क्रमांक 09 में सामुदायिक भवन निर्माण होगा। वार्ड 25 में सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। एकता चैक से दशहरा मैदान तक स्ट्रीट लाइट इलेक्ट्रिकल पोल लगाया जाएगा। वार्ड 28 में कलेक्टर निवास से यामनी घर तक सीसी रोड निर्माण किया जाएगा। विधायक निधि से वार्ड 29 में नाली निर्माण, विधायक निधि से आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्य विद्यालय में शौचालय निर्माण होगा। वार्ड 30 दशहरा मैदान में रावण प्रतिमा की नई प्रतिमा बनाई जाएगी। वार्ड क्रं 29 में साहू घर से अंकित गोलछा के घर तक सीसी रोड निर्माण किया जाएगा।

वार्ड 2 में पार्षद निधि से डस्टबीन क्रय किया जाएगा। पार्षद निधि वार्ड 17 एवं 19 में उद्यान के लिए चेयर खरीदी की जाएगी। वार्ड 08 में पार्षद निधि से एकता चैक से शिव चैक तक सीसी रोड निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय। वार्ड 07 पार्षद निधि से सीसी रोड निर्माण किया जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा विगत 19 नवंबर 2024 से 19 दिसंबर 2024 तक विभिन्न कार्यो के लिए पीआईसी में लाए गए प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।



## खबर संक्षेप




### खरोरा में किसान दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में किसान दिवस मनाया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, कोसाम बघेल, मीना चंद्राकर, सीमा चंद्राकर, सीताराम बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। इस दिन किसानों का अमूल्य योगदान का उत्स व मनाते है।

### पिटियाझर में आज विविध आयोजन

**महासमुंद।** संत बाबा गुरु



घासीदास की जयंती के अवसर पर शहर के पिटियाझर में 24 दिसंबर को विविध आयोजन होंगे। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडे, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, वार्ड पार्षद डमरु मांझी एवं राजू चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी उत्तरा प्रहरे एवं सतनामी समाज के सदस्यों ने दी है।

### विश्व कल्याण मिशन के प्रदेश अध्यक्ष बने तुषार

**महासमुंद।** विश्व कल्याण मिशन



के राष्ट्रीय संचालक कृष्णा कुमार साहू की संस्तुति पर अशवंत तुषार साहू को छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर डॉक्टर कृष्णा पटेल, गब्बर साहू, सूरज साहू, रमेश पटेल, जगदीश सिंह ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।

### घुंचापाली में सुरता सम्मान समारोह कल

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार मेहतर राम साहू की स्मृति में परंपरा अनुसार लगातार 15वां सुरता सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 25 दिसंबर को माता चंडी मंदिर घुंचापाली में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित है। उक्त सम्मान समारोह का आयोजन नगर के साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था साहित्य संदेश एवम मेहतर राम साहू सृजन संस्थान बागबाहरा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार मेहतर राम साहू के नाम पर छत्तीसगढ़ी साहित्य में उत्कृष्ट रचनाकार को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष छग के सुप्रसिद्ध गीतकार ईश्वर बंधी रायपुर को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन में छग के सुप्रसिद्ध साहित्यकार रामेश्वर शर्मा रायपुर, अशोक शर्मा महासमुंद, बंधु राजेश्वर खरे, जावेद नदीम रायपुर, प्रवीण प्रवाह पिथौरा, सलीम कुरैशी, पूरन जायसवाल सिमगा, श्लेष चंद्राकर, मिनेश साहू गंडई, जितेंद्र सुकुमार साहिर राजिम, बंटी छत्तीसगढ़िया व क्षेत्रीय कविगण शामिल होंगे। यह जानकारी संस्था के डॉ विकास अग्रवाल ने दी है।

### प्रायोगिक परीक्षा कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित व अमहाविद्यालयीन विद्यार्थी वनस्पति शास्त्र व बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित व अमहाविद्यालयीन विद्यार्थी जिन्होंने जीई के अंतर्गत वनस्पति शास्त्र विषय का चयन किया है। वनस्पति शास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 24 दिसंबर को सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित है।



# लालपुर में 108 पोथी श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

अग्रसेन धर्मशाला के सामने लालपुर में शनिवार से 108 पोथी श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत हुई। जिसमें 108 यजमान सहित 108 परायणकर्ता महाराज भाग ले रहे हैं। पहले दिन रविवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंदिर से हुई। इस भव्य कलश यात्रा में 551 महिलाओं व युवतियों ने सिर में कलश लेकर नगर भ्रमण किया। महिलाएं पीले रंग की साड़ियों में नजर आई। नगर भ्रमण के बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंचीं और यज्ञ स्थल की परिक्रमा पूरी की। इस दौरान कलशयात्रा देखने लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। कथावाचक पंडित बसंत दुबे ने बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए नगरवासियों में काफी उत्साह है। भागवत कथा 30 दिसंबर तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक चलेगी। पं बसंत दुबे ने बताया कि सभी यजमानों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था भी आयोजक समिति द्वारा की गई है।





## आयोजन: लोहराकोट में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

# बाबा गुरु घासीदास ने भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट में रविवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने जैतखाम में माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया। गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर उपस्थित समाज गंगा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास ने भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैले कुरीतियों के सामाजिक संगठनों में भेदभाव, असंतोष की भावना को दूर किया। हम सभी को उनके नामांकित मार्ग पर यात्रा करनी




चाहिए।

गुरु घासीदास बाबा सत्य में चलने का मार्ग बताते हैं। विधायक डॉ.संपत अग्रवाल करते हुए कहा कि संत गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को कल्याण का मार्ग दिखाया। उनका मनखे-मनखे एक समान संदेश पूरे मानवता के लिए है। उनके इस महान संदेश से समाज में खुशहाली, समरसता, प्रेम और भाईचारा का माहौल बना। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जीवन का लक्ष्य सत्य की प्राप्ति बताई। सत्य के साथ अहिंसा रहती है और जहां अहिंसा है, वहां प्रेम और भाईचारा है। सत्य सब जगह है, कोई भी काल हो उसका महत्ता कम नहीं। इस अवसर पर सतनामी समाज प्रदेश अध्यक्ष डिग्री लाल रात्रे, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र बोरे, जिला अध्यक्ष दौलत प्रसाद रात्रे, नरेंद्र रात्रे, संत रितुदास, संत गोपाल सत्यवंशी, मीडिया प्रभारी लोकनाथ खुंटे, सतनामी समाज लोहराकोट अध्यक्ष योगेश टंडन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेंश अग्रवाल, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, रविंदर आजमानी, अनूप अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, सुशील प्रधान, खेमू अग्रवाल, उद्धव खमारी, अशोक साहू, बृजेश खमारी, मनोज बारीक, खीरसागर साहू, जेलसिंग बरिहा, द्वारिका पटेल, दीनबंधु पटेल, बंशीधर राणा, दयाराम बरिहा, मूलचंद बरिहा, चेतन लाल बिंझवार, हेमसागर बिंझवार, गजेंद्र बिंझवार, सुधराम बरिहा, दशरथ बरिहा, कार्तिक राम बिंझवार, सुकालू बरिहा, मनीराम बरिहा, सुंदर साय, दासरथी बरिहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों एवं सुविधाओं को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोशक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर के प्राचार्य डॉ एसके साव के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेसाजापाली, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर में संपर्क अभियान के तहत जानकारी दी गई। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के संयोजक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर एसके पटेल ने अभियान के उद्देश्यों को बताते हुए यह एनईपी 2020 में डीएससी, जीई, एईसी और वैल्यू एडेड कोर्स के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों संचालित पाठ्यक्रमों एवं सुविधाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमीज दानी, दीपक राठौड़, धनुर्जय पटेल, कृष्णकांत ठाकुर, हेरोद तिग्गा, गजराज नायक, रितेश नायक आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



बागबाहरा के रावणभाठा मैदान में आयोजित हो रहे ड्यूस बाल क्रिक्रेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने जैसे ही विधायक द्वारिकाधीश यादव का काफिला जैसे प्रतियोगिता मैदान में पहुंचा, आयोजन समिति के सदस्यों एवं उपस्थित खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उन्हें कार्यक्रम मंच तक अगुवानी करते हुए लाया गया। जहां विधायक यादव व उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा खेल मशाल जलाकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, बलबीर बग्गा, शहजान पाशा, दुर्गेश यादव, शिवा जगत रामकुमार ठाकुर, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य गण, क्रिकेट प्रेमीजन तथा उद्घाटन के पश्चात प्रतियोगिता खेलने के लिए तैयार टीम के सदस्य एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।

# नर्रा खरीदी केंद्र में बारदानों की कमी के साथ ही धान का उठाव नहीं, खरीदी रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बीते 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी चल रही है। जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा में अब तक पैतीस दिवस में कुल कृषकों के संख्या 1517 में से मात्र 650 किसानों ने 43227 क्विंटल धान बेचा है। जबकि 867 अब भी धान बेचना बाकी है। वही केंद्र में नए व



पुराना बारदाने की कमी के चलते सोमवार को नर्रा गांव किसानों की बारी के दिन में धान की खरीदी प्रभावित रहा है। एक तरफ खरीदी केंद्र में लिमिट से अधिक जाम धान की बोरी की छल्ली लगाने जगह नहीं।

जिससे केंद्र प्रभारी के आलावा किसानों की भी चिंता बढ़ गई है। ऐसे में खरीदी केंद्र नर्रा में बारदाने की कमी के साथ-साथ धान का उठाव नहीं होना भी बड़ी समस्या के बन गई है। इस संबंध में नर्रा सोसायटी अध्यक्ष कलाराम नायक ने सोमवार की शाम रात तक बारदाना पहुंचने बात कहीं है।

# विधायक ने किया महिला हितग्राहियों का सम्मान

## महतारी वंदन सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर के मंगल भवन में भाजपा सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के वादे को पूरा कर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, मातृशक्ति का सम्मान, स्वाभिमान और स्वालंबन सुनिश्चित कर रही है। सम्मानित महिलाओं ने योजना की राशि से व्यवसाय शुरु की है। साथ ही रोजगार मूलक कार्य में इस्तेमाल कर रही है। कार्यक्रम में विष्णु की पाती का वाचन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विस संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद बसना अध्यक्ष रुक्मणी पटेल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जनपद पंचायत बसना सभापति देवकुमारी पटेल, महामंत्री जन्मजय साव, तहसीलदार ममता ठाकुर, नायब तहसीलदार प्रकृति सिंग, सरणदास राजन, फूलचंद पटेल, उमादेवी पटेल मौजूद रहे।

## छुईहा से फिरगी तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम

- विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों को मिली सफलता

छुईहा से फिरगी तक पुल पुलिया सहित 2.5 किमी नयी सड़क का निर्माण होगा। जिसके लिए राज्य शासन के लोकनिर्माण विभाग द्वारा 6 करोड़ 60 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है।

बता दें कि छुईहा से फिरगी जाने वाले मार्ग की आवश्यकता लगातार महसूस हो रही थी, जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने छग शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के समक्ष उक्त सड़क के निर्माण के लिए मांग रखी थी। जिस पर विधायक यादव ने उक्त मांग को राज्य शासन के समक्ष रखा। जिस पर लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त निर्माण कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। ग्रामीणों ने बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर विधायक द्वारिकाधीश यादव का आभार जताया है।



# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में शामिल हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट

**सरायपाली।** सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर इकाई दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर द्वारा विशेष शिविर ग्राम भौरादादर में आयोजित है। तृतीय दिवस में शिविर संचालक जीपी पटेल एवं कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल के नेतृत्व में हुआ। शिविर के तृतीय दिवस में बौद्धिक चर्चा के लिए विशेष रूप से विनय कुमार साहू (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सराईपाली एवं पूजा पटेल साहू ( छग लोक सेवा आयोग परीक्षा न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर चयनित 25वाँ रैंक) एवं राजेश महाणा अधिवक्ता उपस्थित थे। बौद्धिक चर्चा के दौरान विनय कुमार साहू द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय न्याय व्यवस्था, वर्तमान न्याय, क़ानून की जानकारी दी। पूजा पटेल साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसे सफलता प्राप्त करना है इस पर विशेष रूप से चर्चा की। उपस्थित सभी रासेयो के सेवक-सेविकाओं से सवाल जवाब भी किए। इस शिविर में उपस्थित राजेश महाणा ने अपने उद्बोधन में क्राइम से बचने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा एवं उपाय बताए। शिविर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर स्थल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें डॉ. संजय साहू, बीडीएस, डॉ. आदित्य कुमार शिवहरे नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ. गुलाब पटेल चर्मरोग, डॉ. प्रेम साहू स्त्री रोग, डॉ. योगेश बरिहा विशेष रूप उपस्थित थे। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर लिया। इस अवसर पर आरआर पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल, प्रहलाद पटेल, श्याम सुंदर चौधरी, सीआर जायसवाल, एलके सिदार आदि उपस्थित थे।



